आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
मंगलवार 28.10.2025
समय 0720

मुख्य समाचार :—

- उत्तराखंड राज्य गठन के 25 वर्ष पूरे होने के अवसर पर महिलाओं की उपलब्धियों, चुनौतियों और उनके भविष्य की भूमिका के लिए हल्द्वानी में 8 नवम्बर को विशेष कार्यक्रम आयोजित होगा।
- कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने पौड़ी के वन्यजीव प्रभावित क्षेत्रों में जंगली जानवरों के आतंक से ग्रामीणों को राहत दिलाने के निर्देश दिए।
- देहरादून में राज्य के महालेखाकार की ओर से सामान्य भविष्य निधि अदालत का 30 अक्टूबर को आयोजन होगा।
- सड़क सुरक्षा और यातायात अनुशासन को सुदृढ़ करने के लिए चंपावत जिले में परिवहन विभाग ने सघन जांच अभियान चलाया।

<u>मंथन कार्यक्रम</u>

उत्तराखंड राज्य गठन के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर महिलाओं की उपलब्धियों, चुनौतियों और उनके भविष्य की भूमिका पर मंथन के लिए एक हल्द्वानी के गौलापार स्टेडियम में आठ नवंबर को विशेष कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास मंत्री रेखा आर्या ने बताया कि यह आयोजन दो हिस्सों में होगा। पहले हिस्से में टॉक शो, समूह चर्चा और महिलाओं के भविष्य के विजन पर विचार—विमर्श किया जाएगा, जबकि दूसरे हिस्से में झौड़ा, सांस्कृतिक नृत्य और गायन जैसे कार्यक्रम आयोजित होंगे।

कैबिनेट मंत्री ने बताया कि कार्यक्रम में हजारों महिलाएं अपने पारंपरिक परिधानों में सुसज्जित होकर शामिल होंगी। विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाली महिलाओं से संवाद कर एक विजन डॉक्युमेंट तैयार करने की योजना है। इसके साथ ही उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित भी किया जाएगा।

<u>आवश्यक निर्देश</u>

कैबिनेट मंत्री व श्रीनगर गढ़वाल विधानसभा के विधायक डॉ. धन सिंह रावत ने पौड़ी क्षेत्र में वन्यजीव प्रभावित क्षेत्रों में जंगली जानवरों के आतंक से ग्रामीणों को राहत दिलाने के निर्देश दिए हैं। अपने थलीसैंण प्रवास के दौरान उन्होंने वन विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर इस संबंध में आवश्यक कार्रवाई करने को कहा।

बैठक में ग्रामीणों की सुरक्षा, फसलों और पशुधन की रक्षा तथा राहत व्यवस्थाओं को मजबूत करने पर विचार किया गया। डॉ. रावत ने निर्देश दिए कि जंगली जानवरों से नुकसान रोकने के लिए आधुनिक तकनीकों का प्रयोग किया जाए और ग्रामीणों को जागरूक किया जाए। उन्होंने कहा कि सरकार इस समस्या से ग्रामीणों को निजात दिलाने के लिए हर संभव प्रयास करेगी।

उद्घाटन

कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने नई दिल्ली में राष्ट्रीय बीज निगम के अत्याधुनिक बीज प्रसंस्करण संयंत्र का उद्घाटन किया। श्री चौहान ने कहा कि ये संयंत्र किसानों को उच्च गुणवत्ता बीजों की सुगम उपलब्धता सुनिश्चित करेंगे और कृषि उत्पाद में उल्लेखनीय वृद्धि होगी।

एक अन्य कार्यक्रम में कृशि मंत्री ने भारतीय कृशि अनुसंधान परिशद से कृशि षिक्षा में सुधार के लिए सभी रिक्त पदों को तत्काल भरने का अनुरोध किया है। श्री चौहान ने कहा कि वे सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों और कृषि मंत्रियों से चर्चा कर सभी रिक्त पदों को शीघ्र भरने के लिए कहेंगे।

तैयारियों को लेकर बैठक

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की प्रस्तावित राजधानी देहरादून यात्रा को लेकर राष्ट्रपति सचिवालय के अतिरिक्त सचिव डॉ. राकेश गुप्ता ने देहरादून में अधिकारियों की बैठक ली। डॉ. गुप्ता ने प्रस्तावित दौरे को लेकर की जा रही तैयारियां की समीक्षा करते हुए कहा कि राष्ट्रपति की परिसंपत्तियों के अंतर्गत देहरादून में बनाए जा रहे राष्ट्रपति उद्यान सहित अन्य निर्माणाधीन कार्यों को तय समय में पूरा कर लिया जाए। बैठक में भ्रमण कार्यक्रम की रूपरेखा व प्रेजीडेंट्स एस्टेट के भीतर संचालित परियोजनाओं की प्रगति पर विस्तार से चर्चा की गई।

अधिकारियों ने बताया कि राष्ट्रपति संपदाओं को "राष्ट्र का भवन" बनाने की महत्वपूर्ण पहल के चलते देहरादून में राष्ट्रपति निकेतन व राष्ट्रपति तपोवन की स्थापना के बाद राष्ट्रपति उद्यान के निर्माण की महत्वपूर्ण परियोजना का कार्य तेजी से जारी है। 132 एकड़ के क्षेत्रफल में बन रहा राष्ट्रपति उद्यान के कार्यों को अगले वर्ष तक पूरा करने का लक्ष्य है।

छठ पूजा

लोकआस्था का महापर्व छठ देश भर में धार्मिक श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। आज उदीयमान सूर्य को अर्घ्य अर्पित करने के साथ ही चार दिवसीय छठ महापर्व का समापन हो जाएगा। छठ पर्व को लेकर प्रदेश की राजधानी देहरादून समेत अन्य हिस्सों में सुरक्षा के इंतजाम किए गए हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति सी पी राधाकृष्णन, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह ने छठ पूजा की शुभकामनाएं दी हैं।

अदालत

राजधानी देहरादून में राज्य के महालेखाकार की ओर से सामान्य भविष्य निधि अदालत का आयोजन आगामी 30 अक्टूबर को कार्यालय परिसर में किया जाएगा। इस जनहितेषी पहल का उद्देश्य जीपीएफ अभिदाताओं की शिकायतों का त्वरित व प्रभावी निस्तारण, लंबित प्रकरणों का शीघ्र समाधान और सभी संबधित अधिकारियों को एक ही मंच पर लाकर पारदर्शी संवाद स्थापित करना है। अभिदाताओं को इस अवसर पर अपने जीपीएफ खातों से संबधित समस्याओं जैसे लुप्त अंशदान, ऋणात्मक शेष, अथवा अंतिम भुगतान मे देरी आदि के समाधान के लिए मौके पर ही सहायता मिलेगी।

सड़क सुरक्षा

सड़क सुरक्षा और यातायात अनुशासन को सुदृढ़ करने के लिए चंपावत जिले में परिवहन विभाग ने सघन जांच अभियान चलाया। जिलाधिकारी मनीष कुमार के निर्देश पर संचालित इस अभियान में चंपावत, लोहाघाट और घाट क्षेत्रों में एक साथ कार्रवाई की गई, जिसमें यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 67 वाहनों के चालान किए गए।

आरटीओ प्रवर्तन दल ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य सड़क सुरक्षा को प्राथमिकता देना और लोगों में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। भविष्य में भी ऐसे अभियान नियमित रूप से चलाए जाएंगे और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

यूसीसी सम्मान समारोह

समान नागरिक संहिता (यूसीसी) के सफल क्रियान्वयन और जन–जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से चम्पावत स्थित जिला सभागार में यूसीसी सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाधिकारी मनीष कुमार ने की।

इस अवसर पर उन ग्राम पंचायतों को सम्मानित किया गया जिन्होंने यूसीसी पोर्टल पर पंजीकरण कार्य में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की। कालीगूंठ ग्राम पंचायत को यूसीसी पोर्टल पर शत–प्रतिशत पंजीकरण पूर्ण करने वाली जनपद की पहली पंचायत के रूप में विशेष सम्मान प्रदान किया गया। इसके साथ ही पूर्णागिरि, सिलाड, उचोलीगोठ, बमनपुरी, देवीपुरा, फागपुर, भजनपुर, चौकी और सैलानीगोठ ग्राम पंचायतों के ग्राम प्रधानों, ग्राम विकास अधिकारियों और ग्राम पंचायत विकास अधिकारियों को भी प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

जिलाधिकारी ने नागरिकों से यूसीसी पंजीकरण में सक्रिय भागीदारी की अपील की और कहा कि यह पहल शासन की जनकल्याणकारी नीतियों को धरातल पर लागू करने में सहायक सिद्ध होगी। उन्होंने कहा कि चंपावत जिला, समान नागरिक संहिता के पूर्ण क्रियान्वयन की दिशा में तेजी से अग्रसर है और शीघ्र ही राज्य स्तर पर एक उदाहरण प्रस्तुत करेगा।

प्रशिक्षण

राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के तहत जिला पंचायत उत्तरकाशी के नव निर्वाचित जिला पंचायत सदस्यों की पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरु। इसमे पंचायतीराज अधिनियम संशोधन, आपदा प्रबन्धन, डीपीडीपी को लेकर जानकारी दी जाएगी।

ई–स्वराज के तहत पंचायतीराज निदेशालय की पहल पर आयोजित कार्यशाला में जिल पंचायत अध्यक्ष रमेश सिंह चौहान ने जिला पंचायत सदस्यों को प्रशिक्षण के सभी सत्रों को गम्भीरता से लेने को कहा। प्रशिक्षण कोर्स प्रताप सिंह मट्टा पर्यावरण विशेषयज्ञ ने जिला पंचायत सदस्यों की सक्रिय भागीवरी, विकेंद्रीकरण, महिला सशक्तीकरण पर विस्तृत जानकारी प्रदान की।

प्रमाणीकरण

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत विकासखंड पौड़ी की आयुष्मान आरोग्य मंदिर डोभ श्रीकोट स्वास्थ्य इकाई को उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवाओं के लिए राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक प्रमाणीकरण प्राप्त हुआ है। यह प्रमाणीकरण स्वास्थ्य सेवाओं में बेहतर प्रदर्शन और मानकों के अनुपालन के आधार पर दिया जाता है।

भारत सरकार की टीम ने 19 सितंबर को केंद्र का वर्चुअली मूल्यांकन किया था। मूल्यांकन में गर्भावस्था और प्रसव के दौरान देखभाल, नवजात और किशोर स्वास्थ्य, परिवार नियोजन सेवाएं, गैर–संचारी रोगों का प्रबंधन, साधारण बीमारियों का उपचार, टीबी और कुष्ठ रोग की जांच, दवाइयों की उपलब्धता, स्वच्छता, बिजली और पानी की व्यवस्था जैसे मानकों को शामिल किया गया।

मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. शिव मोहन शुक्ला ने बताया कि जिले में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने के निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में जिले के अन्य स्वास्थ्य केंद्रों को भी बेहतर बनाकर उन्हें यह प्रमाणीकरण प्राप्त करवाने का लक्ष्य है।

डॉ. शुक्ला ने बताया कि यह इस वर्ष जिले की पहली चिकित्सा इकाई है जिसे यह प्रमाणन प्राप्त हुआ है।

पार्किंग निर्माण

हरिद्वार जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने सब–रजिस्ट्रार कार्यालय और तहसील परिसर का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को तहसील परिसर में खाली पड़ी भूमि का सदुपयोग करते हुए पार्किंग निर्माण कराए जाने के आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

इस संबंध में नगर निगम, एचआरडीए व अधिवक्ताओं के साथ उप जिलाधिकारी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित करने को कहा। उन्होंने बताया कि पार्किंग स्थल निर्माण से प्रभावित होने वाले अधिवक्ताओं के चैंबर का पुनर्निर्माण कराया जाएगा। साथ ही जिलाधिकारी ने सब–रजिस्ट्रार कार्यालय के लिए सेन्ट्रलाइज शौचालय व्यवस्था बनाने के निर्देश दिए।